>

Title: Need to implement Satellite Imaging for Rail Navigation (SIMRAN) project to curb the incidents of train accidents.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, भारतीय रेल में बढ़ती हुई ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों को समय रहते ट्रेन की जानकारी देने के मकसद से आईआईटी कानपुर ने 'सिमरन' नाम की परियोजना विकसित की है। इस सेटेलाइट इमेजिंग फार रेल नेबिगेशन (सिमरन) को गृह मंत्रालय से भी हरी झंडी मिल चुकी है। इस प्रोजेक्ट को लागू करने से रेलतंत्र को ट्रेनों की पलपल की गतिविधि मिल सकती है और ऐसे में ट्रेनों की भिड़ंत को सौ फीसदी तक रोका जा सकता है। इस प्रणाली में सेटेलाइट इमेजिंग साफ्टवेयर के साथ-साथ ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया है। इसमें ट्रेन में लगी लोकेटर इकाई से जीपीएस सेटेलाइट का सम्पर्क होता है जिससे ट्रेन की वस्तुगत स्थिति तथा उसकी गति के बारे में भी पता चलता है। सिमरन को मानवरहित लेवल क्रासिंग से लेकर ट्रेनों की सीधी भिड़ंत को रोकने के मकसद से तैयार किया गया है। लेकिन रेलवे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रति उदासीन है जबकि इस प्रणाली के जरिए यह पता चल जाता है कि उस समय ट्रेन कितनी गति से दौड़ रही है, कहां है और कितनी देर में स्टेशन पर पहुंचेगी। लेकिन यह जरूरी परियोजना अभी तक लागू नहीं की गई है। आए दिन हो रही ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इस सिमरन परियोजना को लागू करना बहुत जरूरी है। अतः भारतीय रेल में ट्रेनों की सुरक्षा के लिए सिमरन परियोजना लागू की जाए।